एक नजर में

मोहर्रम के दौरान हुई असुविधा पर अंजुमन इस्लाम की संवेदना एवं विद्युत व्यवस्था सुधार की मांग

मन्दसौर। अंजुमन इस्लाम, मंदसौर की ओर से मंडी गेट, सराफा बाजार एवं आसपास के क्षेत्र के सभी व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की जाती है, जिन्हें मोहर्रम के पर्व के दौरान सुरक्षा कारणों से विद्युत आपूर्ति बंद रहने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ा। इस असुविधा के लिए हमें भी खेद है। मोहर्रम का पर्व वर्षों से इसी परंपरागत मार्ग से शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ निकाला जाता रहा है।



सुरक्षा की दृष्टि से कई बार बिजली आपूर्ति बंद करना आवश्यक हो जाता है, जिससे आमजन और ताजियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अंजुमन इस्लाम जिला कलेक्टर महोदय एवं विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों से विनम्र आग्रह करती है कि मंडी गेट, सराफा बाजार तथा जुलूस मार्ग के अन्य क्षेत्रों में जहां विद्युत के खुले तार हैं, उन्हें शीघ्र केबल (इंसुलेटेड/एरियल बंच केबल) से बदला जाए। इससे भविष्य में बिजली बंद करने की आवश्यकता कम होगी, क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों को असुविधा नहीं होगी तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा और जिम्मेदारी भी बेहतर ढंग से सुनिश्चित हो सकेगी। हमें विश्वास है कि प्रशासन एवं विद्युत विभाग इस जनहित के विषय पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेंगे, जिससे भविष्य में सभी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन बिना किसी असुविधा के शांतिपूर्वक संपन्न हो सकें।

युवाओं में ऊर्जा और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने की जरूरत : गुरुजी अंबाजी धाम

मंदसौर। जिला राजपूत समाज संगठन की धूंधड़का तहसील इकाई द्वारा अंबाजी धाम, निपानिया (तहसील दलौदा) में राजपूत समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुजी अंबाजी धाम ने कहा कि राजपूत समाज अपनी वीरता, ऊर्जा और समाज रक्षा के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन वर्तमान समय में युवाओं में सामाजिक गतिविधियों के प्रति रुचि और उत्साह में कमी दिखाई दे रही है। उन्होंने युवाओं से समाज के विकास और संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। जिला राजपूत समाज संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह काचरिया ने कहा कि समाज में एकता और सेवा की भावना को मजबूत करने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। वहीं संरक्षक भोपाल सिंह सिसोदिया ने सामाजिक कार्यक्रमों में युवाओं की बढ़ती उदासीनता पर चिंता व्यक्त की। ट्रस्ट सचिव के.के. सिंह भाटी ने संगठन की भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि समाज को संगठित करने के उद्देश्य से विभिन्न गांवों में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीतिपाल सिंह राणा ने किया तथा आभार हरि सिंह चावड़ा ने माना। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

इस्कॉन द्वारा आज होगा श्री जगन्नाथ भगवान का स्नान महोत्सव

▶ **भक्त स्वयं करेंगे महा-अभिषेक व 56 भोग में दे सकेंगे योगदान**

मन्दसौर। इस्कॉन मन्दसौर परिवार द्वारा आज दिनांक 29 जून 2026 को भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी का वार्षिक 'स्नान यात्रा' महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया जाएगा। यह पावन कार्यक्रम देवी अहिल्याबाई होलकर गार्डन, कंबल केंद्र के पास, नई आबादी, मन्दसौर में संपन्न होगा। शाम 5 बजे से।

इस्कॉन मंदसौर के धीर कृष्ण दास प्रभु जी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष का महोत्सव अत्यंत विशेष है, क्योंकि इस्कॉन मन्दसौर परिवार द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलदेव जी, सुभद्रा महारानी और सुदर्शन चक्र के विग्रहों को विशेष रूप से जगन्नाथ पुरी से मंगाया गया है, जो इस स्नान महोत्सव का मुख्य केंद्र होंगे। महोत्सव की अन्य विशेषता यह है कि कार्यक्रम में पधारे सभी भक्त स्वयं अपने हाथों से प्रभु का अभिषेक कर सकेंगे। प्रभु को प्रसन्न करने हेतु 16 पवित्र द्रव्यों से यह अभिषेक संपन्न होगा। इसके साथ ही प्रभु को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इस्कॉन परिवार ने सभी भक्तों को प्रोत्साहित किया है कि वे चाहें तो अपने घरों से भी भगवान के लिए विशेष सात्विक भोग बनाकर ला सकते हैं और प्रभु को अर्पित कर सकते हैं।

भगवान के इस दिव्य स्नान महोत्सव की पवित्रता और मर्यादा बनाए रखने के लिए भक्तों से अनुरोध है कि अभिषेक के दौरान वे निम्नलिखित पारंपरिक वेशभूषा में ही आएं: पुरुष भक्त: धोती-कुर्ता में ही अभिषेक कर पाएंगे। महिला भक्त: साड़ी या सलवार-कुर्ती पहनकर आना अनिवार्य है। भक्तों से आग्रह है कि वे इस मर्यादा का पालन करें ताकि कार्यक्रम की सात्विकता बनी रहे।

शास्त्रों के अनुसार, भगवान जगन्नाथ के इस स्नान अभिषेक का गहरा आध्यात्मिक महत्व है। जब भक्त प्रेमपूर्वक प्रभु का अभिषेक करते हैं, तो वे स्वयं को शुद्ध करते हैं और भगवान के प्रति अपना समर्पण व्यक्त करते हैं। माना जाता है कि जो भक्त इस दिन प्रभु के अभिषेक का अवसर प्राप्त करता है, उसके समस्त कष्ट दूर होते हैं।

परंपरा और मान्यता: पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ भक्तों को दर्शन देने गर्भगृह से बाहर आते हैं। अत्यधिक अभिषेक के कारण भगवान इस दिन लीला के अंतर्गत 'बीमार' पड़ जाते हैं, जिसके बाद वे 15 दिनों तक एकांतवास (अनवसर काल) में रहते हैं।

अभाविप ने तेलिया तालाब परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

मन्दसौर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मंदसौर नगर द्वारा एसएफडी (स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट) के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के उद्देश्य से तलिया तालाब गार्डन, मंदसौर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में परिषद के कार्यकर्ताओं ने गार्डन परिसर में फैली प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर परिसर की साफ-सफाई की। साथ ही उपस्थित नागरिकों एवं युवाओं को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता उत्पन्न करना भी था। अभियान में परिषद के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छ परिसर - स्वस्थ समाज का संदेश दिया।

रोटरी क्लब मंदसौर में आज होगा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट एवं आभार समारोह

मंदसौर। रोटरी क्लब मंदसौर के अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 का बहुप्रतीक्षित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट एवं आभार समारोह आज सोमवार, 29 जून को सायं 7.30 बजे स्थानीय प्रेम गार्डन, मंदसौर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा होंगे। उनके साथ डिस्ट्रिक्ट फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा एवं असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

इस अवसर पर क्लब के वर्षभर के सेवा प्रकल्पों, उपलब्धियों एवं सामाजिक कार्यों का भी प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। क्लब सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक विजिट के साथ-साथ वर्ष 2025-26 में क्लब के सेवा कार्यों में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, पूर्व अध्यक्षों एवं वरिष्ठ रोटेरियंस का सम्मान किया जाएगा। यह सम्मान समारोह उनके अमूल्य सहयोग, मार्गदर्शन एवं सेवा भावना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक होगा। रोटरी क्लब मंदसौर इस वर्ष अपने गौरवशाली 50वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। । इस अवसर पर आगामी सत्र 2026-27 के अध्यक्ष अनिल चौधरी एवं सचिव संजय जैन (श्वेता) द्वारा आगामी वर्ष के लिए अपनी कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाएगी।

राजेश सेठिया के निवास पर रामदयालजी महाराज का स्वागत

▶ **संत सान्निध्य में श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा वातावरण**

गरोठ। नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया के हॉस्पिटल चौराहा स्थित निवास 'माता श्री' पर रविवार को परम पूज्य 1008 श्री श्री रामदयालजी महाराज साहब का शुभागमन हुआ। इस अवसर पर परिवारजनों एवं समाजबंधुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

गुरुदेव ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा, सदाचार, संस्कार एवं मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन में आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति का आधार होता है। उन्होंने परिवारों में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को अपनाने का आह्वान किया। नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया ने गुरुदेव का स्वागत करते हुए कहा कि उनका पावन सान्निध्य परिवार और नगरवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद समाज को सदैव सकारात्मक दिशा और प्रेरणा प्रदान करता है। इस अवसर पर सुरेश सेठिया, मुकेश सेठिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन, परिजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त कर परिवार, समाज, नगर एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा दो दिवसीय नाईट वॉलीबॉल टूर्नामेंट सीजन-2 का शुभारंभ

मन्दसौर। दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित नाईट वॉलीबॉल टूर्नामेंट सीजन-2 का आयोजन का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट के प्रथम दिन उद्घाटन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र जैन, दशपुर बीसा पोरवाल सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष श्री रितेश भगत उपस्थित थे।

टूर्नामेंट का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्र गान के पश्चात मैच की शुरुआत की गयी। टूर्नामेंट मे बीसा पोरवाल समाज की चार टीमें हिस्सा ले रही है ग्राउंड मे दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब मार्गदर्शक नरेंद्र जैन (अन्ना भईया), अध्यक्ष शुभम पोरवाल (नंदावता वाला), सचिव संयम जैन (भावगढ़ वाला), उपाध्यक्ष पियूष जैन (नाहरगढ़ वाला) एवं विशाल जैन (अफजलपुर वाला), कोषाध्यक्ष सौरभ पोरवाल, सहसचिव आयुष जैन, प्रवक्ता नितेश जैन और कार्यकारिणी ग्रुप के सभी सदस्य मौजूद थे ।यह टूर्नामेंट कॉलेज ग्राउंड परिसर मे स्थित वॉलीबॉल कोर्ट मे कोच अभिषेक सेठिया एवं उनकी टीम की उपस्थिति मे आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिन तीन मैच खेले गये, प्रथम मैच कपिल के योद्धा एवं गौरव के जांबाज के बीच खेला गया और प्रथम मैच के विजेता कपिल के योद्धा रहे। द्वितीय मैच राज के शूरवीर और मिलिंद के धुरंधर के बीच खेला गया और द्वितीय मैच के विजेता राज के शूरवीर रहे। तृतीय मैच गौरव के जांबाज और राज के शूरवीर के बीच खेला गया और तृतीय मैच के विजेता गौरव के जांबाज रहे। दूसरे दिन दो लीग मैच रहेंगे, तत्पश्चात स्कोर के हिसाब से दो टीम जो अव्वल रहेगी उन दोनों टीमो के बिच फाइनल मैच खेला जायेगा। विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी दी जाएगी। टूर्नामेंट के स्पोंसर स्टाइलम मेंस वियर, श्री नाकोड़ा मेडिकॉज़, सीए आशीष जैन एवं बीटी वेब का स्पोर्ट्स क्लब है।

नीमच

एक नजर में

बाबूलाल बंजारा आज नीमच आएंगे

नीमच। म.प्र.विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय विकास अभिकरण श्री बाबूलाल बंजारा आज 29 जून 2026 को प्रात-8 बजे बगुनिया जिला मंदसौर से प्रस्थान कर, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम 6 बजे बगुनिया जिला मंदसौर के लिए के लिए प्रस्थान करेंगे।

केबिनेट मंत्री प्रहलाद जोशी आज नीमच में

नीमच। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग भारत सरकार के मंत्री प्रहलाद जोशी आज 29 जून 2026 को 12.15 से भोपाल से प्रस्थान कर 1.30 बजे नीमच हेलीपेड आएंगे। दोपहर 2.05 बजे नीमच में आयोजित आमसभा कार्यक्रम में 500 मेगावाट सिंगोली नीमच के सोलर प्रोजेक्ट एवं शाजापुर में 450 मेगावाट सौलर पार्क का उदघाटन करेंगे। नीमच से 3.20 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर, 3.50 बजे नीमच सिंगोली के सौलर पार्क का हवाई सर्वेक्षण कर शाम 4.10 बजे ग्रीनको हेलीपेड पर पहुचकर ग्रीनको परिसर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे शाम 4.55 बजे ग्रीनको हेलीपेड से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

चौथे मुस्लिम मेधावी सम्मान समारोह में चिताखेड़ा के मोहम्मद सूफियान मंसूरी को मिला अवार्ड

नीमच। ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी जिला इकाई नीमच द्वारा 'चौथा मुस्लिम मेधावी सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीबीएसई कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंक लाने वाले मेधावी छात्र मोहम्मद सूफियान मंसूरी पिता साबिर हुसैन मंसूरी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्प्रिंगवुड स्कूल स्कीम नंबर 36 नीमच के छात्र सूफियान ने गणित में 98, आईटी में 97 और कुल 94% अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। समारोह में सोसायटी के अध्यक्ष मुबारिक हुसैन, सचिव जाहिद हुसैन, चेयरमैन मुकीत खान सहित अन्य पदाधिकारियों ने छात्र को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सोसायटी का उद्देश्य समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना और मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करना है। करियर गाइडेंस सत्र में छात्रों को भविष्य की राह भी दिखाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन, अभिभावक और छात्र मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज नीमच में 3949 करोड़ से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे

नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज 29 जून को नीमच प्रवास के दौरान हवाई पट्टी के सामने नीमच पर आयोजित कार्यक्रम में 3949.84 करोड की लागत के विभिन्न 162 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

इनमें 1686.54 करोड के 64 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 2263.3 करोड लागत के विभिन्न 98 कार्यों का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री डॉ.यादव व्दारा किया जावेगा। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डॉ.यादव व्दारा हितलाभ भी वितरित किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री यादव सिंगोली एवं शाजापुर के सोलर पार्क का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव नीमच में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.यादव एमएसएमई विभाग के विभिन्न 20 कार्यों का भूमिपूजन एवं तीन कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनकी कुल लागत 51.67 करोड है। एमपीआईडीसी विभाग के 1430.96 करोड के 10 उद्योगो का भूमिपूजन एवं 71.35 करोड के 5 उद्योगो का लोकार्पण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 9.94 करोड लागत के कुल 6 कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 18.75 करोड के 85 कार्यो, उच्च शिक्षा विभाग के 6.66 करोड के दो कार्यो, लोक निर्माण विभाग भवन के 76.85 करोड के 13 कार्यो, लोक निर्माण विभाग सडक के 168.31 करोड के 7 कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, विद्युत विभाग के 5.04 करोड के 2 कार्यो का लोकार्पण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की सिंगोली में स्थापित 500 मेगावाट सौलर परियोजना लागत 550 करोड एवं नवीन एवं शाजापुर में स्थापित 1530 करोड की लागत से स्थापित 450 मेगावाट क्षमता के सौलर प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे, नगरीय निकाय विभाग के 4.72 करोड के दो कार्यो का भूमिपूजन एवं, सेतु निगम द्वारा 25.59 करोड की लागत से निर्मित 4 ब्रीज का लोकार्पण भी समारोह में किया जाएगा।

कलेक्टर ने नीमच एवं खिमला में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने रविवार को नीमच हवाई पट्टी पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आमसभा लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम तथा खिमला में ग्रीनको प्रोजेक्ट की साईड विजीट कार्यक्रम की प्रशासनिक तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने आमसभा स्थल नीमच पर मंच निर्माण व्यवस्था ग्रीन रूम निर्माण हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों, पुरूषों एवं महिलाओं व मीडिया के लिए अलग अलग सेक्टर निर्माण कार्य, प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था तथा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, पेयजल एवं साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों का अवलोकन किया और अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खिमला में हेलीपेड, प्रोजेक्ट की साईड विजीट के व्यू पाईंड एवं संवाद स्थल का निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

रतलाम रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल, एसपी श्री राजेश व्यास ने भी नीमच में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर सभा स्थल पर डीआईजी एवं एसपी की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी, जवानों की ब्रीफींग भी की गई। इस मौके पर एडीएम श्री बी.एस.कलेश एवं डीएफओ श्री एस.के.अटोदे एवं अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

नीमच में 39.23 करोड़ की लागत से सांदीपनि विद्यालय निर्माण के लिए

▶ **लेआउट कार्य पूर्ण, शीघ्र होगा निर्माण प्रारंभ**

नीमच। जिले में शिक्षा के स्तर को उन्नत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 39.23 करोड़ की लागत से निर्मित किए जा रहे सांदीपनि विद्यालय, नीमच के निर्माण कार्य हेतु क्रमांक-2 में लेआउट किया गया है।

परियोजना क्रियान्वयन इकाई के इंजीनियर श्री रिंकू चौहान ने बताया, कि इस परियोजना की लागत 39.23 करोड़ की लागत से बनने वाला यह विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसका उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराना है। लेआउट पूर्ण- निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में स्थल का लेआउट पूर्ण कर लिया गया है। अब शीघ्र ही भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सांदीपनि विद्यालय नीमच के निर्माण से विद्यार्थियों को आधुनिक कक्षाएं, प्रयोगशालाएं एवं खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा।

एक नजर ▶ **नगरवासियों से की 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाने की अपील**

विधायक परिहार ने किया तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

नीमच। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आज जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ हुआ। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक ('दो बूंद जिंदगी की') पिलाकर इस महाअभियान की शुरुआत (उद्घाटन) की गई। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर विधायक श्री परिहार ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने में इस अभियान की बहुत बड़ी भूमिका है।

उन्होंने नगर के सभी जागरूक नागरिकों से अपील करते हुए कहा: '0 से 5 वर्ष तक की आयु के कोई भी बच्चे पोलियो की खुराक से वंचित न रहें। सभी माता-पिता अपने नजदीकी पोलियो केंद्र पर जाकर अपने बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलाएं और देश के इस सुरक्षित भविष्य के निर्माण में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं।' इस कार्यक्रम में डॉ. दिनेश प्रसाद, डॉ. महेंद्र पाटिल, डॉ. मनीष यादव साथ ही अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने वाले जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर, जिला वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर, जिला कोल्ड चैन टेक्नीशियन, जिला वैक्सीन स्टोर मैनेजर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। यह अभियान अगले तीन दिनों तक निरंतर चलेगा, जिसके तहत छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का अनुरोध किया है।